09.12.24

Page-1

Tender Heart High School, Sector-33B, Chandigarh.

कक्षा - तीसरी

विषय - हिन्दी साहित्य शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

पुस्तक : तरंग हिन्दी पाठमाला - 3

पाठ - 15 'रक्षा बंधन' (कविता) कवि - डॉ० गंगादत्त शर्मा

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

आज हम कक्षा तीसरी की हिन्दी साहित्य की पाठ्यपुस्तक में दिए पाठ - 15 'रक्षाबंधन' को पढ़ेंगे तथा समझेंगे।

बच्चो ! आप सभी जानते हैं कि भारत त्योहारों का देश है। यहाँ अनेक त्योहार मनाए जाते हैं। सभी त्योहारों का अपना - अपना महत्त्व है जिसमें रक्षाबंधन भी प्रमुख है।

रक्षाबंधन भाई - बहन का पवित्र त्योहार है। यह त्योहार भाई बहन के प्रेम को स्पष्ट करता है। यह त्योहार श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस त्योहार पर बहन अपने प्यारे भाई की पूजा करती है। बहन अपने भाई के मस्तक पर तिलक लगाकर उसकी कलाई पर कंगन अथवा धागा बाँधती है। राखी के इस शुभ अवसर पर बहन ईश्वर से प्रार्थना करती है कि मेरे भाई की आयु लंबी हो और वह सुख - समृद्धि से भरा अपना जीवन बिताए। जब तक सूर्य और चंद्रमा धरती पर विचरण करते रहेंगे, गंगा - यमुना भारत की शोभा रहेंगे तब तक

कक्षा- तीसरी विषय- हिन्दी साहित्य

बहना की यह राखी भाई की करती रहेगी।

बहन, यह भी कामना करती है कि मेरे भाई के लिए रात-दिन सुख-चैन और आनंद से भरे हों। राखी के इन कोमल धागों में बहन का स्नेह सदा रहेगा। अब भाई भी अपनी प्यारी बहन को यह वचन देता है कि वह जीवन भर अपनी बहन की रक्षा करेगा। और यह भी वचन देता है कि वह अपनी बहन की आन-बान पर आँच नहीं आने देगा। हर विपत्ति में वह उसकी सहायता करेगा। इसके बदले यदि उसे अपना जीवन भी कुर्बान करना पड़े। वह अपना जीवन भी बहन की रक्षा के लिए दे देगा।

बच्चो! अब यह पाठ समाप्त हो चुका है। इस पाठ से आपको रक्षाबंधन के महत्त्व को समझा होगा।

गृहकार्य

सभी बच्चे इस पाठ को दो से तीन बार ऊँचे स्वर में पढ़ेंगे तथा नीचे दिए कार्य को अपनी-अपनी कॉपी में लिखेंगे।

कठिन शब्द

1. मस्तक 2. कंगन 3. रवि 4. आनंद 5. प्रीति
6. प्रण 7. विचरण 8. अवसर 9. शुभ 10. शशि।

सुलेख

सभी छात्र अपनी कॉपी में एक पृष्ठ सुलेख में लिखेंगे। सुलेख सभी बच्चे सुन्दर लिखाई में लिखेंगे।

शब्द अर्थ

1. मस्तक - माथा 2. शुभ - अच्छा, मंगलकारी

कक्षा- तीसरी विषय - हिन्दी साहित्य

3. वेला - अवसर 4. विचरण करना - घूमना
5. प्रीति - प्रेम, प्यार 6. अवसर - समय, मौका
7. रवि- शशि - सूर्य - चंद्रमा 8. साखी - साक्षी, गवाह

वाक्य बनाओ :-

1. रक्षाबंधन - रक्षाबंधन का त्योहार भाई - बहन के प्रेम का प्रतीक है।
2. वचन - सैनिक देश की रक्षा करने का वचन लेते हैं।
3. आनंद - बच्चे बगीचे में बैठकर धूप का आनंद लेरहेहैं।
4. कोमल - फूल कोमल होते हैं।
5 जीवन - हमें खुशी से अपना जीवन जीना चाहिए।

सभी बच्चे ऊपर दिए गृहकार्य को साफ़ व सुन्दर लिखाई में करेंगे तथा पाठ को भी दो बार ऊँचे स्वर में पढ़ेंगे।

धन्यवाद।

[Last Page]